52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 16.4 °c
अधिकतम 28.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:38 सूर्यास्त : 5:27 | वर्ष : 52/ अंक : 310 | शनिवार, 09 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस ने अगर 370 की बहाली के प्रस्ताव का विरोध नहीं किया तो कांग्रेस को भी 370 की तरह हटा दिया जाएगा : योगी



प्रकृति में कुछ भी...अप्राकृतिक अधिक समय तक नहीं टिकता....

# योगी बोले : कादिर राना दंगाईयों का सरगना

▸ मोरना रैली में गरजे मुख्यमंत्री ▸ रेपिड रेल जल्द मुजफ्फरनगर तक भी आएगी, युवाओं को नौकरी का वादा ▸ जिस कार पर सपा का झंडा उसमें गुंडा, जहां दिखे सपाई वहां बिटिया घबराई ▸ 20 नवम्बर को दंगे याद रखना है उनके बारूद पर नल से पानी डालना है








**भोपा, 8 नवम्बर (बु.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज ना केवल सपा पर जमकर भड़के और उसे गुंडा पार्टी बता दिया, साथ ही उन्होंने सपा प्रत्याशी के परिवार को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा प्रत्याशी का परिवार 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों का सरगना है, जिसके घर से भारी मात्रा में हथियार दंगे के दौरान बरामद किए गए थे। 20 नवम्बर को चूकना नहीं है। 2013 के दंगे को स्मरण रखना है। उनके बारूद पर नल से पानी डालना है।उन्होंने कहा कि मेरठ तक आ चुकी रैपिड रेल जल्द मुजफ्फरनगर आएगी। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों के गन्ना भुगतान को प्राथमिकता दी है। इसके अलावा युवाओं के लिए नौकरियों का रास्ता साफ किया है। जल्द ही युवाओं को एक और बड़ी खुश खबरी मिलने वाली है।

मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर इंटर कॉलेज मोरना के खेल मैदान पर भाजपा रालोद की संयुक्त जनसभा मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी सहित भाजपा रालोद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ये वही समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी है, जो मुजफ्फरनगर दंगे का सरगना है, जिसके यहां हथियारों का जख़ीरा बरामद हुआ था। समाजवादी पार्टी सरकार के मुखिया दंगाईयों को अपने सरकारी आवास पर बुलाकर सम्मानित कर रहे थे। 2012 से 2017 के बीच एक नारा होता था कि जिस गाड़ी पर दिखे सपा का झंडा, समझो उसमें बैठा कोई गुंडा। जहां दिखे सपाई वहां बिटिया घबराई। अयोध्या और कन्नौज में आपने देखा होगा यह सपा का नया ब्रांड है। ये आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले लोग हैं। सपा के सोशल मीडिया हैंडल को देखिए कितने घटिया कमेंट करते हैं। वह समाजवादी पार्टी के वास्तविक चरित्र को दिखाता है। यह डबल इंजन की सरकार है। बेटी और बहन की सुरक्षा के लिए किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। नौजवानों के लिए नौकरी की नई खबर आने वाली है। 60000 पुलिस भर्ती के परिणाम आने वाले हैं। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश को कहां लेकर चली गई थी। बेटी और बहन सुरक्षित नहीं थी, किसान परेशान था, व्यापारी अपना व्यापार समेटने के लिए मजबूर था और समाजवादी पार्टी समाज सत्ता संचालन करने के लिए तब भी पूरी ताकत लगा रही थी, अब जो सरकार देश में है, अब कोई बहन व बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं कर सकता। किसान के बैल, भैंसे और मोटर को चुराने की कीमत चुकानी पड़ेगी। कैराना में अब पलायन नहीं हो रहा है। यहां अब व्यापार फल फूल रहा है। यूपी में रेपिड रेल दिल्ली से मेरठ की दूरी तय कर चुकी है और बहुत जल्द मुजफ्फरनगर तक भी आएगी। शुगर मिलों में जितना गन्ने भुगतान 1995 से 2017 तक हुआ था। 253000 करोड़ का भुगतान 7 साल में हुआ है। आज किसान निधि का लाभ ले रहा है। किसानों को बिजली का मार्च 2023 के बाद का एक भी पैसा नहीं देना है। किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने छपरौली से शुरूआत की थी वह अब मोरना चीनी मिल तक पहुंच चुकी है। किसान अपनी मेहनत से अपने परिवार को पालता है। उसे किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सीएम ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का किसान अपने खून पसीने से धरती माता से सोना उगाता है। अपनी मेहनत और पुरुषार्थ से धरती में फसलें लहराते हुए दिखाई देती है। इस सरकार में युवाओं के लिए सरकारी नौकरी है और खिलाड़ियों के लिए भी नई पॉलिसी बनाकर नौकरी देने का काम कर रहे हैं। यहां का खिलाड़ी जो ओलंपिक, एशियाई गेम व कॉमनवेल्थ गेम में मेडल जीतता है। उत्तर प्रदेश सरकार उसे पैसा भी देती है और नौकरी भी देती है। प्रीति पाल व अन्य ओलम्पिक विजेता खिलाड़ियों को लखनऊ आमंत्रित किया था। हमें विकास के बैरियर को हटाने वाले लोग नहीं चाहिए, किसानों का सम्मान करने वाले लोग चाहिए व्यापारी और बेटियों के सम्मान करने वाले लोग चाहिए। हमारे आदर्श चौधरी चरण सिंह जी हैं। हमारे आदर्श धर्मसिंह कोतवाल जैसे महान क्रांतिकारी हैं। हमारा हर काम देश के नाम होना चाहिए, किसी व्यक्ति या जाति के लिए नहीं। मोदी जी का नारा है, सबका साथ सबका विकास, सबका सम्मान लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं। सुरक्षा का सारा दायित्व हमारे ऊपर छोड़ दीजिए। यह सब काम हम करेंगे। आपको चिंता नहीं करनी है। आपको केवल अपना आशीर्वाद देना है। डबल इंजन की सरकार को और ताकत देने की आवश्यकता है। श्रेष्ठ भारत बन रहा है। डबल इंजन की सरकार ने 1857 की क्रांति के दौरान भारत की आजादी के लिए लड़ने वाले धनसिंह कोतवाल के स्मारक को आगे बढ़ाया है। उ.प्र. में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद के नाम पर बन रही है। अब हमारे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए यूरोप नहीं जाना पड़ेगा, यूरोप की सुविधाएं मेरठ में मिलेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित हो रहा है। जनपद का गुड़ विश्व विख्यात हो गया है।

## सपा-कांग्रेस में हो चुका है तलाक

**भोपा, 8 नवंबर (बु.)।** मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस में एक प्रकार का तलाक सा हो गया है। दोनों में फिर से वही खटपट शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव में उन्होंने खटाखट का नारा दिया था। उन्होंने खटाखट के नाम पर जनता को बहकाने का प्रयास किया। किसी को खटाखट का लाभ मिला क्या। अब सपा को सफाचट करने का समय आ गया है। खटाखट योजना के नाम पर जनता जनार्दन को गुमराह कर गलत मार्ग पर ले जाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि आपने अभी हाल ही में जम्मू कश्मीर विधानसभा में देखा होगा, जिसमें कांग्रेस ने कहा है कि हम कश्मीर के अंदर धारा 370 को फिर से लागू करेंगे। धारा 370 को मोदीजी ने हमेशा के लिए समाप्त कर दिया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। ये फिलिस्तीन और पाकिस्तान के नाम पर आंसू बहाने वाले लोग हैं। कोई भारतीय राष्ट्रीय एकता के अखंडता पर चोट बर्दाश्त नहीं करेगा।

## मतदान तिथि बदलने का विरोध कर सपा एक्पोज हुई

**भोपा, 8 नवंबर (बु.)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा स्नान के कारण मतदान की तिथि बदलने की घोषणा का विरोध करके सपा पूरी तरह एक्सपोज हो गई है। उन्होंने कहा कि मां गंगा का पुराना इतिहास है। 5000 वर्षों से शुकतीर्थ दुनिया में भागवत का संदेश दे रही है। भागवत का विद्वान बनने के लिए शुकतीर्थ आकर ही कथावाचक बनता है। कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालु स्नान करेंगे। पर्व आने पर सपा को पीड़ा होती है। चुनाव आयोग ने नौ सीटों पर चुनाव की घोषणा की थी। सभी दलों ने तारीख बदलने की सिफारिश की थी। चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीख बदल दी। सपा ने इस फैसले का विरोध किया। समाजवादी पार्टी पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है।

## योगी के नेतृत्व में यूपी पूरे देश में मॉडल बन रहा है: जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर, 8 नवंबर (बु.)।** मुख्यमंत्री के साथ मोरना जनसभा में रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि यूपी में योगी सरकार के रहते कोई पक्षपात नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री की कलम किसानों के लिए चलती है। सरकार ने कौशल विकास, बेहतर शिक्षा पद्धति पर काम किया। आयुष्मान भारत के जरिए बुजुर्गों का बड़ा सम्मान किया गया। यूपी पूरे देश में मॉडल बन रहा है। सीएम योगी के शासन संभालने से पहले संविधान को खतरे में बताने वाले कानून की धज्जियां उड़ाने में सबसे आगे रहे। चुनाव आयोग ने सभी पहलुओं पर विचार करते हुए मतदान की तिथि 20 नवंबर की है। विपक्षी पार्टियां क्यों चाहती थीं कि त्योहार के बीच चुनाव हो। चुनाव आयोग का निर्णय सही है। जनभावनाओं की कद्र कर फैसला किया गया। विपक्षी पार्टियों और नेताओं को हजम नहीं हुआ। वे चाहते थे कि आप गंगा स्नान करो और आपके पीछे आपकी वोट पर वो लोग कब्जा कर लेते। संविधान की बात करने वाले, संवैधानिक संस्था की बात नहीं मानते। उन्होंने कहा कि मतदान तिथि बदलने का विरोध करने वाले विपक्षी दल उपचुनाव पर कब्जा करना चाहते थे।

## सभा में ये रहे मौजूद

**भोपा।** मुख्यमंत्री की सभा में योगी आदित्यनाथ व चौधरी जयंत सिंह के साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, जिले के प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर, सांसद चंदन चौहान, विधायक राजपाल बालियान, प्रसन्न चौधरी, राव वारिस व मदन भैया, एमएलसी वंदना वर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, अशोक कंसल, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक।


## लापरवाह परिजन : कचहरी में गाड़ी बंद करके बच्चे को सोता छोड़ गए




**मुजफ्फरनगर, 8 नवम्बर (बु.)।** शुक्रवार को दोपहर 2 बजे उस समय एक गाड़ी के चारों ओर भीड़ का तांता लग गया जब एक काले रंग की स्कॉर्पियो के अंदर एक बच्चा बिलबिला रहा था। जब उक्त बच्चे को बिलबिलाता देखा गया तो लोगों ने गाड़ी को खोलने का प्रयास किया मगर गाड़ी लॉक थी। इस पर सोशल मीडिया पर तुरन्त बिलबिला रहे बच्चे की वीडियो वायरल की गयी, कुछ देर बाद पुलिसकर्मियों ने भी बच्चे को बिलबिलाता देख परिजनों की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चे को गाड़ी से बाहर निकाला। बच्चे के परिजनों को आसपास खड़े लोगों व पुलिस ने कहा कि इस तरह बच्चे को छोड़कर गाड़ी बंद करके वे क्यों गए तो परिजनों ने सफाई देते हुए बताया कि बच्चा उस समय सो रहा था। उसके बाद भी लोगों ने परिजनों की गलती बताई और नसीहत दी कि इतनी बड़ी गलती तो हमने आज तक कभी होती ही नहीं देखी कि मासूम बच्चे को छोड़कर इतनी लापरवाही से कोई चला जाता हो। यदि बच्चे के साथ कोई अनहोनी हो जाती हो इसका जिम्मेदार कौन होता। परिजनों ने अपनी गलती स्वीकार की और बच्चे को पानी पिलाकर उसे ढाढस बंधाकर अपने साथ ले गए।

# खतौली में युवती की गोली मारकर हत्या

▸ मामा के घर रह रही थी मृतका, प्रेमी से की थी कोर्ट मैरिज, 12 नवम्बर को होना था विवाह ▸ गांव रसूलपुर के जंगल में कार में मिला गोली लगा शव, मामा और उसके बेटों पर हत्या का आरोप





**खतौली, 08 नवम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर में दिन निकलते ही नई नवेली दुल्हन का गोली लगा शव एक कार में मिलने से ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही एसपी सिटी सहित मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की प्रातः कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर के जंगल में एक कार में एक युवती का गोली लगा शव मिलने से खेतों पर जा रहे ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। कुछ ही समय में यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई तथा मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। ग्रामीणों की ओर से सूचना मिलने पर तत्काल कोतवाली पुलिस गांव में पहुंची तथा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल प्रारम्भ की। ग्रामीणों की सहायता से मृतका की पहचान हिमांशी पुत्री अनिल निवासी मौहम्मद पुर बहसूमा के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतका हिमांशी गांव रसूलपुर में अपने मामा भारतवीर के यहां रहती थी। हिमांशी की शादी गांव सदरपुर बहसूमा निवासी विनीत से हुई। बताया जाता है कि प्रेम सम्बंधों के चलते हिमांशी व विनीत ने कोर्ट मैरिज कर ली थी, जबकि आगामी 12 नवम्बर को दोनों की विधिवत शादी होनी निश्चित हुई थी। पुलिस की जांच पड़ताल के दौरान विनीत भी मौके पर पहुंच गया। इस दौरान घटना स्थल पर पहुंचे एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत द्वारा घटना के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली गई तथा पंचायतनामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। हिमांशी की हत्या को लेकर चर्चा है कि उसको गोली मारने के बाद घायल अवस्था में परिजन कार में डालकर कहीं ले जा रहे थे कि बीच रास्ते में उसकी मौत हो जाने के कारण शव को कार में ही छोड़कर परिजन फरार हो गये। वहीं आरोप है कि हिमांशी की हत्या उसके मामा भारतवीर ने अपने बेटों के साथ मिलकर की है। सूत्रों के अनुसार मृतका द्वारा अपनी खेती की बाइस बीघा जमीन बेची गई थी। हिमांशी की हत्या को लेकर खेती की बेची गई जमीन की रकम व उसकी बाकी जमीन को हड़पने की साजिश भी बड़ा कारण होने की संभावना है। इसे ही इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का अपना फैसला पलटा




**नई दिल्ली, 08 नवंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मामले में 1967 का अपना एक फैसला पलटते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को कानून द्वारा बनाए जाने के कारण अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित करने का आधार बना था। पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यक द्वारा की जा सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि उसे अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा ही प्रशासित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से बहुमत का फैसला सुनाया। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अपने-अपने असहमति वाले फैसले दिए। बहुमत के आधार पर फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा कानून द्वारा बनाए जाने के कारण खत्म नहीं होता। अदालत ने बहुमत के फैसले में कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है।

## सिडनी हवाई अड्डे पर विमान के इंजन में विस्फोट से लगी आग

**सिडनी, 8 नवंबर (वार्ता)** सिडनी हवाई अड्डे के रनवे के बगल में शुक्रवार दोपहर उड़ान भरते समय क्वांटास विमान के इंजन में कथित विस्फोट के बाद घास में आग लग गई। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया न्यूज कॉर्प की रिपोर्ट के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग ब्रिसबेन जाने वाली क्वांटास की उड़ान क्यूएफ520 के इंजन में विस्फोट के कारण लगी थी, जो स्थानीय समयानुसार गुरुवार दोपहर करीब एक बजे से ठीक पहले सिडनी से रवाना हुई थी। नाइन नेटवर्क टेलीविजन के अनुसार, विमान में 174 यात्री सवार थे। किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

## विनय कुमार का तबादला, डॉ. अजय कुमार होंगे नए जिला जज



**प्रयागराज, 8 नवंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने प्रदेश के 22 जिला जजों का स्थानांतरण किया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरादाबाद डॉ. अजय कुमार द्वितीय को मुजफ्फरनगर, मुजफ्फरनगर के जिला जज विनय कुमार द्विवेदी को बस्ती स्थानांतरित किया गया है। रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार सहारनपुर की जिला एवं सत्र न्यायाधीश बबीता रानी को इसी पद पर शाहजहांपुर, शाहजहांपुर के जिला जज भानु देव शर्मा को मुरादाबाद, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना को सहारनपुर, मैनपुरी के जिला जज सुधीर कुमार पंचम को बरेली स्थानांतरित किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरादाबाद डॉ. अजय कुमार द्वितीय को मुजफ्फरनगर, मुजफ्फरनगर के जिला जज विनय कुमार द्विवेदी को बस्ती भेजा गया है।

# दमघोंटू हुई शहर की हवा : एक्यूआई 342

**मुजफ्फरनगर, 8 नवंबर (बु.)।** दमघोंटू वातावरण के बीच आज मुजफ्फरनगर ने प्रदूषण के मामले में फिर यूपी को टॉप कर दिया। नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ को पीछे छोड़ते हुए शहर में एक्यूआई 342 पर दर्ज किया गया। इससे हवाओं में उड़ते धूल कण जहां सांसों पर भारी पड़े, वहीं आज आसमान पर छाए स्मॉग में सूरज भी धुंधला हो गया और दोपहर के समय भी धूप पूरी तरह स्मॉग की चादर को चीर कर नीचे नहीं आ सकी। शहर की हवा आज बेहद खराब श्रेणी में चली गई।

AIR QUALITY INDEX

दिवाली और उसके बाद हवाओं के चलते शहर में प्रदूषण की स्थिति कुछ कम थी, लेकिन आज इसने फिर यूपी में टॉप कर दिया। शहर में आज एक्यूआई 342 पर दर्ज किया गया। इसके उलट गाजियाबाद में 315, नोएडा में 271 और मेरठ में यह 277 पर रहा। हवा में पीएम 10 और पीएम 2.5 के बढ़ने के बाद आज आसमान पर सुबह से ही धूल की चादर छाई रही। शाम तक स्थिति यही थी। आज मात्र आठ किमी प्रतिघंटा की गति वाली पूर्वी हवाएं रिकॉर्ड की गई। हवाओं के गुम हो जाने के कारण स्मॉग की स्थिति विकट बनी रही और धूल के कण सांसों पर भारी पड़ते दिखाई दिए। इसके चलते एक्यूआई आज लाल निशान पर पहुंचने के साथ सेहत पर संकट पैदा करता रहा। अभी कल भी इसमें अधिक सुधार की आशा नहीं है। अभी बारिश की भी कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के पास गाल बजाई के अलावा कोई योजना नहीं है।

### स्मॉग से भरा रहा दिन, असामान्य गर्माहट

**मुजफ्फरनगर, 8 नवंबर (बु.)।** दिवाली बीतने के बाद मौसम असामान्य रूप से गर्म बना हुआ है। शुक्रवार को सुबह से ही कोहरे की तरह छाए स्मॉग के चलते आज दिन में गर्माहट भी बढ़ गई। हालांकि अधिकतम तापमान 28.5 तथा न्यूनतम 16.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हवाएं खामोश हैं और अभी दूर तक बारिश के भी कोई आसार नहीं हैं। मौसम के पूर्वानुमानों को झुठलाते हुए इस बार अभी तक गर्माहट कम होने का नाम नहीं ले रही है। आज फिर उमस भरी गर्माहट दिन में परेशानी का कारण बनी। तापमान हालांकि बहुत अधिक नहीं बढ़ा, लेकिन उमस कायम रही। इसका कारण स्मॉग को माना जा रहा है। आज सुबह वातावरण पर कोहरे का असर दिखाई दिया। हालांकि माना जा रहा है कि यह कोहरा स्मॉग था जो हवा ना चलने के कारण वातावरण पर जमा रहा। इसके चलते दोपहर बाद भी आसमान पर छाए धूल कणों के कारण सूर्यदेव की आभा काफी मद्धिम रही। ऐसे में धूप धरती तक पहुंचने की मशक्कत करती रही।

## युवक की हत्या कर शव खेत में फेंका

**मुजफ्फरनगर, 8 नवंबर (बु.)।** रतनपुरी क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया। नगला व पिठलोकर गांव की सीमा पर शुक्रवार शाम ग्रामीणों ने एक शव पड़ा देखा। उसके गले में फंदा लगाकर उसकी हत्या की गई थी। शव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी शिनाख्त का प्रयास किया। उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## अयोध्या से दर्शन से लौटते कार ट्रक में घुसी, एक मासूम की मौत, सात घायल

**प्रयागराज।** आयोध्या से दर्शन कर कार से घर जा रहे परिजनों की कार ट्रक में घुस जाने से एक ही परिवार के सात लोग जख्मी हो गए। जबकि उपचार के लिए ले जा रहे एक बालक की मौत हो गई। दंपती की हालत नाजुक है। घटना शुक्रवार को तड़के हुई। मध्यप्रदेश के रीवां गल्ला मंडी गोविंदगढ निवासी शैलेंद्र कुमार अपने परिजनों और रिश्तेदारों को दो कार से लेकर अयोध्या दर्शन करने गए थे। वापसी के समय भोर में लगभग तीन बजे कार मऊआइमा इलाके के जोगापुर गल्ला आढत के पास आढ तिरछा खडी ट्रकों में कार पीछे से घुस गई।



